First to Fly A380

26

JAIN COMMUNITY HONOURS SISTER NIRMALA

# Message of peace in times of trouble

Times News Network

KOLKATA: "The whole humanity is shocked by the incidence and violence of Gujarat. Lord Mahavir's teachings of non-violence are very symbolic in present scenario of violence throughout the world. Mother Teresa's message of love and Lord Mahavir's message of non-violence should be observed by every human being, " said Missionaries of Charities head Sister Nirmala to a delegation of Jain Religion Community on the eve of Lord Mahavir's birthday.

The Jain people of the city led by eminent industrialist and social worker, Sundeep Bhutoria and President of Jain Sanskriti Sansad, T.C. Daga went to Mother's House to distribute biscuits, fruits, chocolates etc. to the Children of Mother House on the occasion of Lord Mahavir's birthday.

After garlanding the statue of Mother Teresa, Sundeep Bhutoria has honoured Sister Nirmala by presenting a shawl to her. Daga presented Jain Literature to Sister Nirmala. Sister Nirmala has expressed her thanks to Bhutoria for giving her English translation of Lord Mahavir's teachings.



Members of the Jain community present Sister Nirmala with a statuette of Lord Mahavira and a book at the Mother House.

A function has been organised tomorrow in New Delhi at 6 p.m. at City Fort Auditorium to celebrate Lord Mahavir's birthday. Prime Minister Atal Behari Bajpai will grace the occasion as Chief Guest.

Bhutoria informed that the Prime Minister will release special Coins by Government of India on this occasion.

The Cabinet Minister Jagmohan will preside the ceremony. The function is organised jointly by the Tourist & Culture Department, Government of India and Lord Mahavir's 2600 Birth Celebration Committee.

**THE TIMES OF INDIA, THURSDAY, 25TH APRIL, 2002**

ess bee

# हिंसा के इस दौर में भगवान महावीर याद आते हैं : सिस्टर निर्मला

कोलकाता, २४ अप्रैल (निप्र)। गुजरात में जो हुआ और हो रहा है उससे सम्पूर्ण मानवता चिन्तित है। हिंसा के इस दौर में भगवान महावीर की अहिंसा का पाठ बहुत याद आता है। मदर टेरेसा के प्यार का संदेश और भगवान महावीर का अहिंसा का संदेश वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है ये उद्‌गार मिशनरी आफ चेरीटी की प्रमुख सिस्टर निर्मला ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर प्रकट किए। जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जैन समाज को चाहिए कि वे भगवान महावीर के संदेशों को घर घर पहुंचाएं। मदर हाउस में महावीर जयंती के उपलक्ष में बच्चों को बिस्कुट फल इत्यादि वितरण करने गये। जैन समाज के शिष्ट मंडल के श्री संदीप भूतोड़िया एवं जैन संस्कृति संसद के अध्यक्ष तिलोक चन्द डागा के अतिरिक्त अन्य प्रमुख लोग थे। मदर हाउस में मदर टेरेसा की मूर्ति को संदीप भूतोड़िया ने माल्यार्पण कर सिस्टर निर्मला का शाल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया। तिलोकचंद डागा ने इस अवसर पर भगवान महावीर का साहित्य सिस्टर निर्मला को भेंट किया। जैन साहित्य पर चर्चा करते हुए सिस्टर निर्मला ने भूतोड़िया को कहा कि वे आभारी है कि उन्होंने महावीर के संदेशों की अंग्रेजी प्रति उन्हें दी। जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पत्रकारों को बताया कि कल महावीर जयंती के अवसर पर ६ बजे नई दिल्ली की सीरी फोर्ट आडिटोरियम खेल गांव मार्ग में एक समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी सिक्कों का लोकार्पण करेंगे। समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय मंत्री श्री जगमोहन करेंगे। पंजाब सरकार भी इस अवसर पर सोने व चांदी के मेडेलियन निकाल रही है। संदीप भूतोड़िया ने बताया कि यह समारोह पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार तथा भगवान महावीर २६०० वां जन्म कल्याण महोत्सव समिति की संयुक्त आयोजन में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह से भगवान महावीर के उपदेशों को व्यापक प्रचार प्रसार तथा समाज सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों को एक नई दिशा एवं शक्ति मिलेगी।



***महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर मदर हाउस में सिस्टर निर्मला को बच्चों के लिए खाद्य सामग्री प्रदान करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी युवा सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया एवं जैन संस्कृति संसद के अध्यक्ष तिलोक चन्द डागा।*** दैनिक विश्वमित्र चित्र

दैनिक विश्वमित्र, २५ अप्रैल, २००२

ess bee

२ जनसत्ता, कोलकाता, २५ अप्रैल २००२ बंग

# भगवान महावीर की अहिंसा का संदेश पहुंचाएं : सिस्टर निर्मला

कोलकाता, २४ अप्रैल (जनसत्ता)। मिशनरी ऑफ चैरिटी की प्रमुख सिस्टर निर्मला ने गुजरात में जारी सांप्रदायिक हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा कि गुजरात में जो हुआ और हो रहा है उससे संपूर्ण मानवता व्यथित है। हिंसा के इस दौर में भगवान महावीर की अहिंसा का पाठ बहुत याद आता है। उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा के प्यार के संदेश और भगवान महावीर की अहिंसा दोनों ही आज के परिप्रेक्ष्य में अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। सिस्टर निर्मला ने ये विचार महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर मदर हाउस में आयोजित एक समारोह में रखे।

इस मौके पर मदर हाउस में पहुंचे जैन समाज के एक शिष्टमंडल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जैन समाज को चाहिए कि वे भगवान महावीर के संदेशों को घर-घर पहुंचाएं।

इस शिष्टमंडल में युवा समाजसेवी संदीप भूतोड़िया, जैन संस्कृति संसद के अध्यक्ष तिलोकचंद डागा आदि प्रमुख लोग थे। मदर हाउस में मदर टेरेसा की मूर्ति पर संदीप भूतोड़िया ने माल्यार्पण किया। तथा सिस्टर निर्मला का शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।



*सिस्टर निर्मला को भगवान महावीर की मूर्ति भेंट करते संदीप भूतोड़िया*

तिलोकचंद डागा ने इस मौके पर सिस्टर निर्मला को भगवान महावीर का साहित्य भेंट किया। जैन साहित्य पर चर्चा करते हुए सिस्टर निर्मला ने संदीप से कहा कि भगवान महावीर के संदेशों की अंग्रेजी प्रति देने के लिए वे उनकी आभारी हैं।

जैन समाज के शिष्टमंडल ने बताया कि कल महावीर जयंती के अवसर पर शाम छह बजे नई दिल्ली के सीरी फोर्ट आडिटोरियम में एक समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी सिक्कों का लोकार्पण भी करेंगे।

समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री श्री जगमोहन करेंगे। पंजाब सरकार भी इस अवसर पर सोने व चांदी के मेडेलियन निकाल रही है।

संदीप भूतोड़िया ने बताया कि यह समारोह पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार तथा भगवान महावीर २६००वां जन्म कल्याण महोत्सव समिति के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है।

जनसत्ता, २५ अप्रैल, २००२

ess bee



मदर हाउस में सिस्टर निर्मला को महावीर जयन्ती के अवसर पर महावीर की मूर्ति एवम् जैन साहित्य भेंट करते हुए युवा उद्योगपति सन्दीप भूतोड़िया एवम् समाजसेवी तिलोचन्द डागा।

सन्मार्ग, २५ अप्रैल, २००२

# हिंसा के दौर में महावीर याद आते हैं : निर्मला

कोलकाता : गुजरात में जो हुआ और हो रहा है. उससे संपूर्ण मानवता चिंतित है, हिंसा के दौर में भगवान महावीर की अहिंसा का पाठ बहुत याद आता है. मदर टेरेसा के प्यार का संदेश और भगवान महावीर की अहिंसा का संदेश वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है. ये उदगार मिशनरी आफ चेरिटी की प्रमुख सिस्टर निर्मला ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर प्रकट किये. उन्होंने कहा कि जैन समाज को चाहिए कि वे भगवान महावीर के संदेशों को प्रत्येक घर तक पहुंचाये. मदर हाउस में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों में बिस्कुट, फल आदि वितरित किये गये. इस मौके पर संदीप भूतोड़िया, जैन संस्कृति संसद के अध्यक्ष तिलोक चंद डागा उपस्थित थे. समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी कल दिल्ली में भगवान महावीर पर जारी सिक्कों का लोकार्पण करेंगे.

प्रभात खबर, २५ अप्रैल, २००२

ess bee

# सुजानगढ़ में भजन संध्या संपन्न

सुजानगढ़ (राजस्थान), २६ अप्रैल (जनसत्ता)। शिव संस्थान, ठरडाधाम की ओर से भगवान महावीर जयंती के मौके पर स्वर्गीय अमरचंद भूतोड़िया की पुण्यस्मृति में दी यंग्स क्लब सभागार में भक्ति भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें भजन गायकों की सुमधुर भक्ति भजन प्रस्तुतियों से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। भजन कार्यक्रम की शुरुआत कोलकाता के राजकुमार जोशी ने गणेश वंदना 'तेरा वंदन सदा करूं अभिनंदन' से की। उनके द्वारा प्रस्तुत 'कद आवोला मैया म्हारी म्है दरसण पावां', 'जल जरा चढ़ा लो हो जाएगा प्रसन्न', 'तूने सुख-दुख में साथ निभाया', आदि भजनों की श्रोताओं ने खूब सराहना की। लोकप्रिय भजन गायक विकास शर्मा के 'बिगड़े काम न होते राम चरणों में हनुमान न होते', 'संतो स्वर्गा स्यूं आयो टेलीफून बुलायो आयो राम को', 'मंगलवार तेरा है शनिवार तेरा है बजरंगी संभालो परिवार तेरा है', आदि भजनों को सुनकर श्रोता आनंदविभोर हो उठे। भजन गायन का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चूरू के जिला प्रमुख रामदेव ढाका ने दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत् उद्घाटन किया। उन्होंने भजन के भावों की सुंदर व्याख्या की। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाकलेक्टर अरुण प्रकाश शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि थे- उपपुलिस अधीक्षक हरिराम गहलोत, नगरपालिकाध्यक्ष डॉ. विजयराज शर्मा, सहायक कलेक्टर खींवाराम, अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, हावड़ा के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा। स्वागताध्यक्ष थे भूतोड़िया परिवार के प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार भूतोड़िया।

अतिथियों व कलाकारों का स्वागत संस्थान के अध्यक्ष सागरमल अग्रवाल, दानमल भोजक, शंकर सामरिया, मुनेंद्र जोशी, विजयकुमार मिरणका, भागीरथ सोनी, आदि ने किया। इस मौके पर शिव संस्थान के सचिव दानमल भोजक ने संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। संस्थान के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन की युवा शाखा के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया के प्रति आभार जताया। आयोजन में स्वर्गीय अमरचंद भूतोड़िया को श्रद्धांजलि भी दी गई।

जनसत्ता, २७ अप्रैल २००२

# स्व. अमरचंद भूतोड़िया स्मृति 'भक्ति भजन संध्या' कल

सुजानगढ़। श्री शिव संस्थान, ठरडा धाम के तत्वावधान में भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य पर स्व. अमरचंद भूतोड़िया की पुण्य स्मृति में ठरडा में निर्माणाधीन शिव मंदिर के सहयोगार्थ 'विशाल भक्ति भजन संध्या' का आयोजन २५ अप्रैल को किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री शिव संस्थान के मंत्री श्री दानमल भोजक ने बताया कि दी यंग्स क्लब ट्रस्ट प्रांगण में आयोजित इस भजन संध्या में कोलकाता पं. बंगाल के सुविख्यात भजन गायक विकास शर्मा एण्ड पार्टी द्वारा भक्ति भजन प्रस्तुत किए जायेंगे। भजन संध्या की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समूचे कार्यक्रम की रूपरेखा स्व. भूतोड़िया के पुत्र श्री संदीप भूतोड़िया के निर्देशन में चल रही हैं। ज्ञातव्य है कि श्री शिव संस्थान ठरडा धाम द्वारा ठरडा ग्राम के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में भव्य शिव मंदिर के निर्माण का बीड़ा उठाया गया है। मंदिर के निर्माण का कार्य प्रारंभ है। जन चर्चा है कि इस मंदिर के निर्माण के पश्चात सुजानगढ़ क्षेत्र में एक रमणीक व आध्यात्मिक केन्द्र की शुरूआत होगी।

दैनिक विश्वमित्र २४ अप्रैल २००२

ess bee

## अमरचन्द भूतोड़िया स्मृति भजन संध्या सम्पन्न

सुजानगढ़, २६ अप्रैल। शिव संस्थान, ठरड़ा धाम, सुजानगढ़ के तत्वावधान में भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष पर स्व. अमरचन्द जी भूतोड़िया की पुण्य स्मृति में आयोजित विशाल भक्ति भजन संध्या में भजन गायकों की सुमधुर सरस भक्ति भजन प्रस्तुतियों से श्रोता मंत्र मुग्ध हो गये। इसके पूर्व मुख्य अतिथि चुरू के जिला प्रमुख रामदेव ढाका ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा भजन के भावों की सुन्दर व्याख्या की। कार्यक्रम के अध्यक्ष उप जिला कलक्टर अरुण प्रकाश शर्मा ने कहा कि भक्ति भाव से आत्मा की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। आयोजन के विशिष्ट अतिथि उप पुलिस अधीक्षक हरिराम गहलोत, नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. विजयराज शर्मा, सहायक कलक्टर खींवाराम, अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, हावड़ा के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा थे स्वागताध्यक्ष भूतोड़िया परिवार के राजेन्द्र कुमार भूतोड़िया ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में संस्थान के सचिव दानमल भोजक ने संस्था का वार्षिक, प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत कोलकाता के राजकुमार जोशी की गणेश वंदना 'तेरा वंदन सदा करूं अभिनन्दन' से किया। लोकप्रिय भजन गायक विकास शर्मा ने बिगड़े काम न होते राम चरणों में हनुमान न होते'', संतों स्वर्गा स्यूं आयों टेलीफोन बुलावों आयो राम को, मंगलवार तेरा है शनिवार तेरा है बजरंगी संभालों परिवार तेरा है। आदि दर्जनों भजनों के माध्यम से श्रोताओं की अपने संग तालियां बजाकर आनन्द लुटने को मजबूर कर दिया। जनता की मांग पर विकास शर्मा ने ''बाजे रे मुरलिया धीरे-धीरे व अन्य भजनों को जैसे ही गाया श्रोता सुध-बुध खोकर भाव-विह्वल हो नाचने लगे। अर्द्धरात्रि तक चली इस भजन संध्या में हजारों लोगों ने देर रात्रि तक भक्ति भजनों का आनन्द प्राप्त किया। शिव संस्थान के पदाधिकारियों ने आयोजन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन युवा शाखा के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया के प्रति कृतज्ञता व आभार ज्ञापित किया। आयोजन में स्व. अमरचन्द भूतोड़िया को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रताप सिंघी व निर्मल बोकाड़िया का सक्रिया योगदान रहा।

दैनिक विश्वमित्र २७ अप्रैल २००२

## सुजानगढ़ में भजन संध्या

सुजानगढ़ (राजस्थान), २३ अप्रैल (जनसत्ता)। श्री शिव संस्थान ठरडाधाम यहां एक विशाल भजन संध्या का आयोजन भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को कर रहा है। श्री शिव संस्थान के मंत्री दानमल भोजक ने बताया कि ठरडा में निर्माणाधीन शिव मंदिर की सहायतार्थ होने जा रही इस भजन संध्या को संदीप भूतोड़िया अपने पिता स्वर्गीय अमरचंद भूतोड़िया की स्मृति में करवा रहे हैं। यह भजन संध्या यहां दि यंग्स क्लब प्रांगण में होगी। तथा इसमें कोलकाता के सुप्रसिद्ध गायक विकास शर्मा भजन गाएंगे। मालूम हो कि श्री शिव संस्थान ठड़ाधाम द्वारा ठरडा ग्राम के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में भव्य शिव मंदिर के निर्माण का बीड़ा उठाया गया है। माना जा रहा है कि इस मंदिर के निर्माण से इस इलाके में एक रमणीक स्थल तो विकसित होगा ही साथ ही इस क्षेत्र में यह मंदिर एक बड़े आध्यात्मिक केंद्र के रूप में जाना जाएगा।

जनसत्ता २४ अप्रैल २००२

ess bee

# महावीर जयंती के उपलक्ष्य में भजन संध्या आयोजित

**सुजानगढ़, 26 अप्रैल ( निप्र )।** भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को स्वर्गीय अमरचंद भूतोड़िया की स्मृति में एक भजन संध्या का आयोजन किया गया। शिव संस्था ठरड़ा के तत्वावधान में यंग्स क्लब में आयोजित भजन संध्या में गायकों ने आधीरात तक श्रोताओं को भक्तिरस में डुबोए रखा। कार्यक्रम की शुरुआत कोलकाता के गायक राजकुमार जोशी की गणेश वंदना से हुई। बाद में श्री जोशी ने 'जगदंबा कद आवोला मैया म्हारी, म्है दरसण पावां' तथा 'जल चढ़ा ल्यो हो जाएंगे प्रसन्न शिव' भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोलकाता के ही भजन गायक विकास शर्मा ने जब मधुर स्वरों में 'बिगड़े काम न होते, राम चरणों में हनुमान होते' भजन गाना शुरू किया तो श्रोता भी स्वर में स्वर मिलाकर उक्त भजन गाने लगे। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अरुणकुमार शर्मा, जिला प्रमुख रामदेवसिंह ढाका, उप पुलिस अधीक्षक हरिराम गहलोत, सहायक कलेक्टर खींवाराम, पालिकाध्यक्ष विजयराज शर्मा, अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन युवा शाखा हवड़ा के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर, शनिवार, २७ अप्रैल २००२

ess bee



सुजानगढ़। यंग्स क्लब प्रांगण में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में स्व. अमरचंद भूतोड़िया की स्मृति में आयोजित भजन संध्या में मौजूद पालिकाध्यक्ष, जिला प्रमुख, उपखंड अधिकारी, पुलिस उपअधीक्षक एवं राजकुमार शर्मा। चंडीप्रसाद

दैनिक भास्कर, शनिवार, २७ अप्रैल २००२

ess bee



Haryana chief minister Om Prakash Chautala at a banquet in Calcutta given in his honour by leading industrialists of the region. Chautala urged his hosts to invest in his state. Picutre by Biswanath Choudhury

**THE TELEGRAPH, MONDAY 29TH APRIL 2002**

ess bee



सुपरिचित श्री गोविन्द सारड़ा द्वारा आयोजित हरियाणा के मुख्यमंत्री के सम्मान भोज के अवसर पर लिए गये चित्र में मुख्यमंत्री श्री ओमप्रकाश चौटाला, शहरी विकास मंत्री श्री सुभाष गोयल, युवा उद्योगपति संदीप भूतोड़िया, श्री धनश्याम सारड़ा एवं श्री भानीराम सुरेका परिलक्षित हैं। इस अवसर पर सर्वश्री मोहनलाल तुलस्यान, संतोष जैन, हरिप्रसाद मालपानी, विश्वनाथ गुप्ता, जे.के. जैन आदि उपस्थित थे। दैनिक विश्वमित्र चित्र

दैनिक विश्वमित्र २९ अप्रैल २००२

ess bee

# हरियाणा में उद्योगपतियों को और रियायतें : चौटाला

अजय कुमार मिश्र

कोलकाता, २९ अप्रैल। एग्रीकल्चर की 'कल्चर' वाले हरियाणा के औद्योगिकीकरण के लिए वहां के मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला आजकल बहुत बेचैन हैं। वे पिछले दिनों यहां के उद्योगपतियों को हरियाणा में उद्योग लगाने का न्यौता देने आए थे। २७ अप्रैल की सुबह पहले तो वे मर्चेंट चैंबर ऑफ कामर्स में व्यापारियों से मिले। फिर अपने सम्मान में आयोजित कई कार्यक्रमों में शरीक हुए। उसी दिन जूट उद्योगपति गोविंद सारडा की अगुवाई में श्री चौटाला को महानगर के तमाम छोटे-बड़े उद्योगपतियों ने रात्रि भोज पर बुलाया। इसका मकसद श्री चौटाला का उद्योगपतियों से जनसंपर्क करना था। इस मौके पर श्री सारडा ने युवा उद्योगपतियों को खासतौर पर आमंत्रित किया था। हरियाणा में पूंजी निवेश के बाबत श्री चौटाला से जनसत्ता की हुई बातचीत के अंश।

*चौटाला जी, आपके कोलकाता दौरे का मुख्य मकसद क्या है?*

मैं पिछले कई महीनों से देश के कई राज्यों का दौरा कर रहा हूं। मेरा मुख्य उद्देश्य हरियाणा में घरेलू स्तर पर नए निवेश को आकर्षित करने का है।

*राज्य में नए निवेश के लिए क्या आपने कोई विशेष योजना बनाई है?*

मैं सभी राज्यों के बड़े और मझोले स्तर के उद्योगपतियों से संपर्क कर रहा हूं। हरियाणा में नए उद्योग- धंधों के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। पर्याप्त बिजली- पानी और सस्ते मजदूरों की उपलब्धता के कारण ही वहां उत्पादन दर की क्षमता बेहतर है।



*मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के साथ युवा उद्यमी संदीप भूतोड़िया और घनश्याम सारडा*

यही नहीं जहां आमतौर पर अन्य राज्यों में देखा जाता है कि किसी भी नए उद्योग को लगाने के लिए पूंजीपतियों को हफ्तों सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, वहीं हरियाणा सरकार ने सरकारी औपचारिकताएं काफी न्यूनतम रखी है।

*मंदी के दौर में उत्पादन के साथ-साथ बाजार की उपलब्धता का होना जरूरी है। हरियाणा के आसपास खपत के लिए मार्केट नेटवर्क काफी सीमित है?*

यह आप कैसे कह सकते हैं। भौगोलिक नजरिए से देखें तो आप पाएंगे की हरियाणा राजस्थान और दिल्ली की सीमा से बिल्कुल सटा हुआ राज्य है। यहां माल के खपत की तो कोई समस्या ही नहीं है। दिल्ली का बाजार व्यापक है। अन्य राज्यों में उत्पादित माल को दिल्ली के बाजार तक पहुंचाने में ढुलाई का खर्च ही काफी ज्यादा होता है, वहीं हरियाणा के माल पर यह खर्च औसतन कम साबित होगा।

*देश में राजनैतिक अस्थिरता के कारण व्यापार जगत काफी हद तक प्रभावित है। तब ऐसे माहौल में अपने राज्य में किसी नए पूंजी निवेश की आशा आप कैसे रखते हैं?*

राजनैतिक अस्थिरता से मैं सहमत हूं। लेकिन हैदराबाद को हाइटेक सिटी का दर्जा भी इसी माहौल में हासिल हुआ है। हरियाणा के औद्योगिक विकासक्रम में राजनैतिक हस्तक्षेप न्यूनतम है। देखिए, असल बात है वित्तीय संकट का दूर होना और ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मुहैया कराना। जाहिर है नए उद्योगों के लगने से रोजगार की अपार संभावनाएं बनेंगी।

*हरियाणा में क्या सरकार कोई औद्योगिक नगर बनाने जा रही है?*

कई योजनाओं पर काम चल रहा है। हम इस दिशा में पूंजीपतियों की राय से, जो उनके लिए मददगार और अनुकूल हो, लेकर ही कुछ करेंगे। मेरा मानना है कि किसी भी राज्य में उद्योगों के लिए अनुकूल बुनियादी ढांचे का निर्माण होना ही उचित होगा।

*क्या सरकारी स्तर पर उद्योगपतियों को कर्ज मुहैया कराए जाने पर कोई योजना तय है?*

इस मामले में राज्य सरकार राष्ट्रीयकृत और कई निजी क्षेत्र के बैंकों से बातचीत कर रही है। हमारा प्रयास है कि हरियाणा में उद्योग लगाने के इच्छुक उद्योगपतियों को बैंक कर्ज मिलने में आसानी हो। राज्य में पिछले ढाई साल में साढ़े चार हजार छोटे और मझोले उद्योगों में तकरीबन १९०० करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। राज्य में उद्योगपतियों के रुझान को देखकर इस दिशा में सरकारी स्तर पर काम में तेजी लाई जा रही है।

जनसत्ता, ३० अप्रैल २००२

ess bee